खानपान को लेकर अब मुसाफिरों को नहीं होगी दिक्कत

गोरखधाम एक्सप्रेस में लगेगी पैंट्रीकार

राजन राय

गोरखपुर। गोरखधाम एक्सप्रेस में मुसाफिरों को अब खानपान को लेकर दिक्कत नहीं होगी। गोरखपुर से दिल्ली के रास्ते हिसार तक जानी वाली इस ट्रेन में एक जुलाई से पैंट्रीकार लगाए जाने की तैयारी है। रेलवे बोर्ड की अनुमति के बाद रेल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

गोरखपुर से दिल्ली के लिए रोजाना चलने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस इकलौती ट्रेन हैं। पैंट्रीकार न होने से यात्रियों को दुश्वारियां झेलनी पड़ती हैं। पैंट्रीकार के लिए काफी समय से मांग की जा रही थी। सांसद महंत आदित्यनाथ ने इस मुद्दे को संसद के अलावा रेलवे के कई कार्यक्रमों में भी सार्वजनिक तौर पर उठाया था। वैकल्पिक तौर पर ट्रेन में साइड वेंडिंग की सुविधा दो साल पहले शुरू की गई। इसके तहत ऑर्डर करने पर यात्रियों को गोंडा स्टेशन पर खाना मुहैया कराया जाता है। रेलवे बोर्ड ने गोरखधाम में पैंट्रीकार लगाने की मंजूरी दे दी है जिसके बाद रेल प्रशासन ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि गोरखधाम में पैंट्रीकार लगाने का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही यात्रियों को ट्रेन में खानपान की सुविधा मिलने लगेगी।

एक्सक्लूसिव
अमर उजाला

इन ट्रेनों में है सुविधा

- गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस
- कुशीनगर एक्सप्रेस
- अमरनाथ एक्सप्रेस
- अवध एक्सप्रेस
- ओखा एक्सप्रेस
- गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस
- गोरखपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- गोरखपुर-त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस
- गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस
- गोरखपुर- बंगलूरू एक्सप्रेस

शताब्दी चलाने की तैयारी तेज

शताब्दी या इसी तरह की सुविधा वाली एक ट्रेन गोरखपुर से दिल्ली तक चलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सदर सांसद ने बताया कि ट्रेन के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। रेलमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि संसद सत्र में ट्रेन की घोषणा की जाएगी।

दिल्ली जाने के लिए गोरखधाम एक्सप्रेस महत्वपूर्ण ट्रेन है। इसमें पैंट्रीकार के लिए कई बार रेलमंत्री और रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर सिफारिश की थी। वैकल्पिक तौर पर साइड वेंडिंग की सुविधा शुरू की गई। पिछले दिनों रेलमंत्री ने पैंट्रीकार के लिए आश्वासन दिया था। पैंट्रीकार लगने से यात्रियों को खानपान की दिक्कत नहीं होगी।

\- महंत आदित्यनाथ, सदर सांसद